### थाना कुण्डीपुरा पुलिस ने किया "अंधे कत्ल" का खुलासा, आरोपी से जब्त की सामग्री
## हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कुंडीपुरा पुलिस ने अंधे कत्ल का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत 19 जून को सूचनाकर्ता श्याम पिता स्व. व्यास मेश्राम उम्र 54 साल निवासी राजाखोह चौकी धरमटेकडी थाना कुंडीपुरा छिंदवाडा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि, दीपचंद तुमडाम के खेत के पास ग्राम राजाखोह में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है कि सूचना पर थाना कुण्डीपुरा एवं चौकी धरमटेकडी स्टाफ घटना स्थल पंहुचकर घटना स्थल निरीक्षण किये जो अज्ञात व्यक्ति को किसी अज्ञात आरोपी के द्वारा चेहरे तथा सिर में गंभीर चोट पंहुचाकर मार दिया गया था। जो मृतक अज्ञात



व्यक्ति की पहचान आस- पास के लोगो तथा परिजनो के द्वारा केवल पिता बुध्दु चंद्रवंशी उम्र 48 साल निवासी धबई हाल काराबोह के रूप में हुई, जो मोके पर मर्ग कायम कर मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर मृतक का पी. एम. कराया गया जो पी एम रिपोर्ट पर डा. द्वारा मृतक की मौत बायी आंख के उपर माथे पर किसी वस्तु से बार कर प्राणघातक चोटे पहुंचाकर हत्या करना पाया गया जो प्रथम दृष्ट्या अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हत्या का अपराध घटित करना पाया जाने पर अपराध क्रमांक 444/25 धारा 103(1) BNS पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया ।

प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में देखते हुए पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पाण्डेय व अति. पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के मार्ग दर्शन में में अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु थाना प्रभारी उप. निरी. महेन्द्र भगत द्वारा थाना एवं चौकी स्तर पर टीम गठित गई जो टीम द्वारा तत्पर्यता पूर्वक विवेचना कर मृतक केवल चंद्रवंशी की मृत्यु के संबंध में घटना स्थल के आस पास एवं नरसिंगपुर रोड में छिंदवाडा से अमरवाडा के बीच लगे सभी सी. सी. टी. व्ही. कैमरे चेक कर तकनीकी साक्ष्य एवं विश्वनीय मुखवीर तंत्र को सक्रिय कर घटना स्थल के आस-पास एवं अन्य लोगो से पूछताछ किया घटना स्थल से करीबन 800 मीटर दूर पर खेत में बनी झोपडी में निवासरत व्यक्ति के संबंध में पूर्व में भी तस्दीक कि गई जो उपस्थित नही मिला था।

जिसके संबंध में लगातार तलाश पतासाजी करते रहे जो तलाश पत्तासाजी के दौरान मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि संदेही रामलाल पिता पूरन धुर्वे उम्र 55 साल निवासी राजाखोह जमुनिया बस स्टेण्ड में घूम रहा है जो जमुनिया बस स्टेण्ड पंहुचकर संदेही को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जो संदेही द्वारा दिनांक घटना समय को मृतक केवल चंद्रवंशी को माथे पर लकड़ी से मारकर चोट पहुंचाकर मृत्यु कारित करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है।

**गिरफ्तार आरोपी-**
(1) रामलाल पिता पूरन धुर्वे उम्र 55 साल निवासी राजाखोह चौकी धरमटेकडी थाना कुण्डीपुरा छिंदवाडा

**आरोपी से जप्त सामग्री**
(1) घटना में प्रयक्तु बबूल की लकडी (2) घटना समय पहने हुए स्वयं के कपडे (3) मृतक का आधार कार्ड

**विशेष भूमिका**
महेन्द्र भगत थाना प्रभारी कुण्डीपुरा, उप निरी. अविनाश पारधी चौकी प्रभारी धरमटेकडी, सउनि मनोज रघुवंशी, सउनि. सालिकराम भलावी सउनि. जगदीश ठाकुर, प्र. आर. हरीश वर्मा, प्र.आर. अरविन्द धुर्वे, प्र. आर. अरूण शर्मा, आर. जीवन रघुवंशी, आर. चंद्रपाल, आर. आलम, आर. देवेश प्रताप सिंह, आर. चंद्रकुमार दाहिया आर पुष्पराज रघुवंशी साइबर सेल टीम आदित्य रघुवंशी, नितिन ठाकुर, अभिषेक ठाकुर की विशेष भूमिका रही।

### आपूर्ति विभाग के संयुक्त जांच दल ने की कार्यवाही
## 10 प्रतिष्ठानों से 16 घरेलू गैस सिलेण्डर किए गए जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति अधिकारी छिन्दवाड़ा श्रीमती गंगा कुमरे के निर्देशन में सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह बरकड़े, सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री सरफरोज खान, सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री गीतराज गेडाम, सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री राघवेन्द्र सिंह लिल्होरे, जेएसओ परासिया श्री सुमित चौधरी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री नागेश्वर श्रीवास एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री आलोक काछी के साथ संयुक्त रूप से गत दिवस जिले के विकासखंड परासिया स्थित होटल/प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरूपयोग के संबंध में जांच की गई ।

संयुक्त जांच दल द्वारा जांच में चाय की दुकान इकलेहरा से एक घरेलू गैस सिलेण्डर, मनमोहक चाय इकलेहरा से भी एक घरेलू गैस सिलेण्डर, जयश्री दादाजी होटल इकलेहरा से 03 घरेलू गैस सिलेण्डर, व्हीव्ही रेस्टोरेंट ढाबा मुआरी से भी 03 घरेलू गैस सिलेण्डर, सूरज नूडल्स व चाट सेंटर उमरेठ से 1-1 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं यदुवंशी भोजनालय बिजोरीगुमाई से 1 घरेलू गैस सिलेण्डर, फैमली ढाबा इकलेहरा से 02 घरेलू गैस सिलेण्डर, चाय नाश्ता कार्नर उमरेठ से 02 घरेलू गैस सिलेण्डर व फास्ट फूड कॉर्नर उमरेठ से 1 घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किये गये। इस प्रकार घरेलू गैस सिलेण्डर का अवैध रूप से संग्रहण एवं दुरूपयोग पाये जाने के कारण उपरोक्त 10 प्रतिष्ठानों के विरूद्ध कुल 16 घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किये जाकर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

## सांसद ने वार्डवासियों को दिलाई सीमेंट सड़कों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू ने वार्ड नम्बर 48 पंचवटी वार्ड और वार्ड नम्बर 40 तात्याटोपे वार्ड के निवासियों को सीमेंट सड़कों की सौगात दिलाई है। इन सड़कों का निर्माण कार्य मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत होगा। शुक्रवार को महापौर विक्रम अहके ने गुलमोहर कॉलोनी में 10 लाख और साईं नगर कॉलोनी में 15 लाख की लागत से बनने वाली सीमेंट सड़कों के निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया है। इस दौरान भूमिपूजन कार्यक्रमों में भाजपा के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



भूमिपूजन के कार्यक्रमों को संबोधित करते हुये महापौर विक्रम अहके ने कहा कि सांसद बंटी विवेक साहू दिल्ली और भोपाल के प्रवास के दौरान लगातार मंत्रियों और अधिकारियों से सम्पर्क कर नगर सहित जिलें के विकास के लिए बात कर रहे है। इसी का परिणाम है कि सांसद बंटी विवेक साहू के मात्र एक वर्ष के कार्यकाल में ही करोड़ों के विकास कार्य शहर सहित जिले में स्वीकृत हुये है। सांसद बंटी विवेक साहू के माध्यम से शहर में विकास कार्यों का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया ने कहा कि भाजपा के शासन काल में महिलाओं को महत्व मिल रहा है। आज शहर सहित जिले भर में हर क्षेत्र में महिलाएं प्रतिनिधित्व कर रही है। उन्होंने कहा कि सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से शहर में निरंतर विकास कार्य कराये जा रहे है। उन्होंने वार्डवासियां की ओर से वार्डो में सीमेंट सड़क स्वीकृत कराये जाने पर सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जगेन्द्र अल्ड़क ने कहा कि शहर में विकास कार्य सिर्फ भाजपा के शासन काल में ही सम्भव है। वार्ड नम्बर 48 पंचवटी वार्ड और वार्ड नम्बर 40 तात्याटोपे वार्ड के निवासियों द्वारा वर्षो से वार्डों में सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। पिछले दिनों इस संबंध में सांसद बंटी विवेक साहू से वार्डवासियों ने सड़कों के निर्माण के लिए मुलाकात की थी। सांसद बंटी विवेक साहू ने इसे गंभीरता से लेते हुये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर सड़को के निर्माण के लिए निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सड़को के निर्माण की स्वीकृति दी है।

## पॉलिटेक्निक कालेज में नहीं रुक रहा छात्रों का आर्थिक शोषण

**परासिया :** पॉलिटेक्निक कालेज खिरसाडोह के छात्रों का आर्थिक शोषण नहीं रुक रहा है । जब मौका लग रहा है , छात्रों से पैसे लेने से ब्रांच हेड नहीं चूक रहे हैं । छात्रों को जो ट्रेनिंग निशुल्क कराई जानी थी उसके लिए भी उनसे पैसे लिए गए ।ताज़ा मामला कालेज के मैकेनिकल ब्रांच से जुड़ा है । खास सूत्रों से पता चला है , कि मैकेनिकल के 60 छात्रों से आटो कैड के लिए 8 - 8 सौ रूपए लिए गए हैं । इसके अंतर्गत छात्रों को विभिन्न मशीनों की ट्रेनिंग दी जाती है । जो छात्र छिंदवाड़ा और समीप के क्षेत्रों से आते हैं उन्हें छिंदवाड़ा की प्राइवेट संस्था और जो छात्र परासिया और उसके समीपस्थ क्षेत्रों से आते हैं उनकी ट्रैनिंग खिरसाडोह पॉलिटेक्निक कालेज के समीप स्तिथ एक कंप्यूटर सेंटर में ही कराई जा रही है । जबकि यह ट्रेनिंग परासिया में डब्ल्यू सी एल और छिंदवाड़ा में एफ डी डी आई में निशुल्क कराई जा सकती थी ।

## नवांकुर सखियों ने निकाली हरियाली यात्रा

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अध्यक्ष व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में तथा विकासखण्ड समन्वयक श्री दिलीप आठनेरे की उपस्थिति में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में विकासखंड पांढुर्णा के ग्राम भंडारगोंदी में किया गया।

## जिले में अभी तक 515.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 515.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 536.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 25 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 20.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 25 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 8.2, मोहखेड़ में 14.2, तामिया में 45, अमरवाड़ा में 5.2, चौरई में 7.1, हर्रई में 54.2, बिछुआ में 28.2, परासिया में 14.3, जुन्नारदेव में 20.6, चांद में 09 और उमरेठ में 16.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 459.2, मोहखेड़ 453.6, तामिया में 550, अमरवाड़ा में 546.2, चौरई में 488.7, हर्रई में 734.1, बिछुआ में 427, परासिया में 382.4, जुन्नारदेव में 507.4, चांद में 575.3 और उमरेठ में 566.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## 5 मरीजों को दिलाई 2 लाख 40 हजार की आर्थिक सहायता

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान दिल्ली प्रवास पर रहते हुए 5 मरीजों को 2 लाख 40 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से पाचों मरीजों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। विदित हो कि लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान व्यस्तता के बाद भी सांसद बंटी विवेक साहू सेवा कार्य में लगे हुए है। दिल्ली प्रवास के दौरान सांसद श्री साहू को जानकारी लगी थी कि पाचों मरीजों का इलाज पैसे के अभाव में नहीं हो पा रहा है। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीजों के इलाज के लिए सहायता राशि दिलाने का निवेदन किया था। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू को सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा के माध्यम से जानकारी मिली थी कि आर्थिक रूप से कमजोर पाचों मरीजों का आर्थिक तंगी के कारण उचित इलाज नही हो पा रहा है। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान ही मरीजों के आवेदन पर अपनी सहमति जताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र भेजते हुए उनसे मरीजों को बीमारी के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत करने का निवेदन किया था।

## कपड़वाड़ी में नवांकुर सखियों को भेंट किए 111 पौधे

**छिंदवाड़ा।** पर्यावरण को शुद्ध एवं मध्य प्रदेश को हरा भरा, स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के पवित्र उद्देश्य से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर और दिव्यांग जनों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन पोआमा, छिंदवाड़ा के द्वारा शीलेंद्र सिंह कलेक्टर छिंदवाड़ा के दिशा निर्देशन एवं अखिलेश जैन जिला समन्वयक जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में आदर्श ग्राम कपरवाडी में हरियाली महोत्सव मनाकर 111 नवांकुर सखियों को फलदार पौधों का वितरण किया गया।हरियाली महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर विशेष अतिथि कपड़वाड़ी सरपंच श्रीमती संध्या चौरिया के साथ समाजसेवी सीमा चौरिया, नविता चंद्रवंशी, सरोज बिस्केले, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष प्रदीप बिस्केले, आंगनवाड़ी शिक्षिका शांति साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित रही जिनका आधार फाउंडेशन की अध्यक्ष व संचालक सरिता पांडे सहित सुमित्रा पवार, भूमेश्वरी धुवारे, अवनीश गौतम ने बैच लगाकर पौधा भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सक्षम के जिला अध्यक्ष इंजीनियर महेश किंथ द्वारा किया गया।महोत्सव के दौरान दीपक राज जैन द्वारा जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पौधा मां के नाम लगाने, प्लास्टिक रहित एवं नशा मुक्त हो देश अपना सहित स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, वहीं महिला समूह ने सुंदर हरियाली गीत गाए और मंगल कलश लेकर नगर में जागरूकता रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण का संदेश दिय।



## राजस्व वसूली को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, 3 प्रतिशत से कम प्रगति वाले अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभागीय योजनाओं, अभियानों एवं प्रकरणों की अनुविभागवार और तहसीलवार गहन समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से जुड़े हर कार्य को गंभीरता से लें और बेहतर परिणामों के लिए सतत निगरानी रखें।

कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व वसूली की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी वसूली कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि जहाँ से राजस्व नहीं मिल रहा, वहाँ कुर्की की कार्रवाई की जाए। जिन तहसीलों में वसूली 3 प्रतिशत से भी कम है, उनसे स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए।

**ई-दक्ष प्रशिक्षण में सभी रीडर होंगे प्रशिक्षित, कंप्यूटर संचालन में आत्मनिर्भर बनें-** कलेक्टर श्री सिंह - बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि राजस्व कार्यालयों में कार्यरत रीडर केवल कंप्यूटर ऑपरेटर पर निर्भर न रहें, बल्कि स्वयं भी दक्ष हों। इसके लिए सभी रीडरों को ई-दक्ष प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए।

**नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा के प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश-** आरसीएमएस पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नामांतरण, सीमांकन और बंटवारे जैसे प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी राजस्व अधिकारियों की बैठक से पहले नामांतरण प्रकरणों का 85% और बंटवारे का 80% निराकरण अनिवार्य रूप से किया जाए।

**फार्मर रजिस्ट्री एक सप्ताह में करें पूर्ण-** जिले में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जिन उपखंडों में यह कार्य अभी शेष है।

## महापौर ने किया 25 लाख की रोड का भूमिपूजन

### छिंदवाड़ा शहर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना मेरी प्राथमिकता - विक्रम अहके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

विगत कई समय से वार्ड क्रमांक 41 एवं 48 में रोड बनाने की मांग वार्डवासियों द्वारा की जा रही थी और जिसको छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके ने मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी एवं जिले के लाड़ले सांसद विवेक बंटी साहू की मंशानुरूप गंभीरता से लिया एवं शीघ्रता से स्वीकृत करवाकर रोड का भूमिपूजन करने पहुंचे।



ज्ञात हो कि महापौर श्री अहके जी शहर को साफ स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए सतत प्रयासरत रहते है और प्रत्येक वार्डो में आम जनमानस के बीच पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जानने पहुंच जाते है इसी क्रम में आज महापौर जी तेज बारिश के बीच में वार्ड वासियों के बीच पहुंचे और आपका महापौर आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत संवाद किया एवं संबंधित को निर्देशित कर त्वरित कार्यवाही करने हेतु कहा इस दौरान वार्डवासियों में उत्साह का माहौल दिखा और समस्त वार्डवासियों ने महापौर जी का आभार व्यक्त किया इस दौर साथ में मंडल अध्यक्षा लीला बाजोलिया जी, सभापति अरुणा मनोज कुशवाह जी, सभापति जगेंद्र अल्डक जी ,जिला मंत्री अरुण चंदेल जी, मंडल महामंत्री अंकित तिवारी जी, श्यामराव कपाले जी,चेतराम पाल जी, नीरज वर्मा जी,मुन्ना पटेल जी,असरब कुमरे जी,रिंकू सिंह,शक्ति सिंह,अमर सिंह जी सहित सभी वार्डवासी उपस्थित रहे।

## MRF प्लांट में प्रतिदिन हो रही कई टन कचरे की प्रोसेसिंग

### नगर निगम का छिंदवाड़ा में स्वच्छता की दिशा में बड़ा कदम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

महापौर विक्रम आहाके एवं निगमायुक्त सी. पी. राय के कुशल नेतृत्व में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा संचालित प्रोसेसिंग प्लांट (MRF – मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में अब प्रतिदिन कई टन कचरे का कुशलतापूर्वक प्रोसेसिंग कार्य किया जा रहा है।

यह पहल स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर को कचरा मुक्त और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में एक प्रशंसनीय और प्रेरणादायी प्रयास बन चुकी है। इस प्लांट में गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग कर उसे वैज्ञानिक तरीके से प्रोसेस किया जा रहा है, जिससे न केवल पर्यावरण की रक्षा हो रही है, बल्कि रीसायक्लिंग के माध्यम से अपशिष्ट से उपयोगी उत्पाद भी तैयार किए जा रहे हैं।

**मुख्य उपलब्धियाँ:** प्रतिदिन कई टन कचरे का प्रोसेसिंग – कम होती जा रही है डंपिंग की ज़रूरत।प लास्टिक, कागज़, धातु व अन्य रीसायक्ल योग्य सामग्री की अलग-अलग छंटाई।स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों में एक मजबूत पहल।शहर में Zero Waste to Landfill लक्ष्य की ओर बढ़ता आत्मविश्वास। तकनीकी सहयोग और निगरानी सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट जैसी अनुभवी एजेंसियों के माध्यम से यह संचालन किया जा रहा है, जिसमें प्रशिक्षित स्टाफ, आधुनिक मशीनें और पारदर्शी डेटा सिस्टम की सहायता से कार्य संपन्न हो रहा है। महापौर विक्रम आहाके ने कहा हमारा सपना है कि छिंदवाड़ा एक स्वच्छ, स्वस्थ और सतत शहर के रूप में देश में उदाहरण बने। इस दिशा में MRF प्लांट हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। निगमायुक्त सी. पी. राय जी ने भी इसे शहर की स्वच्छता व्यवस्था में बड़ा बदलाव बताया।



### परिजनों की उपस्थिति में हुआ पोस्टमार्टम, पातालकोट घूमने गया था युवक
## सीआईएसएफ जवान को दी गई सलामी, खाई में गिरने से हुई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सी आई एस एफ) के जवान 40 वर्षीय सुरेश मेहरिया को सी आई एस एफ कैंप में अधिकारियों और अन्य जवानों ने सलामी दी । जवान की मौत खाई में गिरने से गुरुवार को हुई थी । शुक्रवार शाम को मृतक के परिजनों की उपस्तिथि में पोस्ट मार्टम हुआ ।





परासिया बाईपास में स्तिथ सी आई एस एफ कैंप में मेस कमांडर के रूप में पदस्थ 40 वर्षीय सुरेश मेहरिया मेस में खाना बनाने का काम करने वाले प्राइवेट कर्मियों के रूप में रखे गए खिरसाडोह निवासी सोनू , नरेश साहू और एक अन्य कर्मचारी के साथ अधिकारियों की अनुमति लेकर गुरुवार 12 बजे के करीब पातालकोट घूमने के लिए गया था । शाम को वापस लौटते समय वे लोग लेहगढुआ मंदिर में रुके । जवान सुरेश शौच के लिए गया । इस दौरान उसका पैर फिसला और वह खाई में गिर गया । बताया जा रहा है , कि सर पर चोट लगने से उसकी मौक़े पर ही मौत हो गई । उसके साथ मौजूद लोगों ने पुलिस और सी आई एस एफ कैंप में सूचना दी । सी आई एस एफ अधिकारियों ने उसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी , परिजनों उनकी उपस्थिति में पोस्ट मार्टम किए जाने की मांग रखी । पुलिस ने शव को परासिया अस्पताल लाया । परिजनों के आने के बाद शुक्रवार शाम को पोस्ट मार्टम हुआ । मृतक राजस्थान के सीकर जिला रिगस थाना क्षेत्र का रहने वाला था । सलामी के बाद शव को मृतक के परिजन राजेंद्र , जीवन और अन्य चार परिजन साथ लेकर राजस्थान के लिए रवाना हुआ । जहां अंतिम संस्कार होगा ।

## किसान हो रहे हैं परेशान, खाद उपलब्ध कराने कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

# खाद की ब्लैक मार्केटिंग में किसानों का हो रहा शोषण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

वर्तमान में किसानों को अपने खेत में उपजी फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद की सख्त जरूरत है लेकिन किसान इस खाद को ब्लैक मार्केट से खरीदने पर मजबूर है। विधायक निलेश उईके ने आरोप लगाया कि गरीब किसानों को समितियों के माध्यम से उचित मात्रा में खाद नहीं मिल रहा है। विधायक महोदय ने खाद की कालाबाजारी की शंका व्यक्त करते हुए इसकी जांच करने की मांग की। एसडीएम अलका एक्का ने समितियों द्वारा प्रदाय किए जा रहे खाद को लेकर जल्द जांच किए जाने का आश्वासन दिया।

किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने एसडीएम पांढुर्ना को दिया। ज्ञात हो कि वृहताकार कृषि समितियों के माध्यम से किसानों को खाद की आवश्यक मात्रा क्रेडिट पर प्राप्त होती है। लेकिन पांढुर्ना की समिमियों में यूरिया, डीएपी और अन्य खाद की कमी होने के कारण किसानो को निजी कृषि केंद्रों से यह खाद अधिक दाम पर खरीदना पड रहा है। कांग्रेस ने पर्याप्त मात्रा में खाद की मात्रा समितियों में उपलब्ध कराने की मांग शासन से की है।

### वार्ड में विद्युत पोल लगने से वार्डवासियों में हर्ष

**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 में लंबे समय से वार्ड वासियों द्वारा रहवासी क्षेत्र में विद्युत पोल लगाए जाने की मांग की जा रही थी। वार्ड वासियों की समस्या को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को नगरपालिका अध्यक्ष रमेश सालोड़े एवं सीएमओ नेहा धुर्वे द्वारा स्वयं उपस्थित होकर विद्युत पोल लगाया गया। विद्युत पोल लगने के बाद अब वार्ड वासियों को स्टेट लाइट के साथ-साथ विद्युत कनेक्शन आसानी से उपलब्ध हो



सकेगा वार्ड वासियों ने नपा अध्यक्ष एवं सीएमओ के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### मोहगांव मार्ग पर लगेगी दो दिवसीय प्रदर्शनी

**सौंसर।** नगर के मोहगांव मार्ग पर बने मंगल भवन में 2 अगस्त को राधे राधे ग्रुप सौसर द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।आयोजन कमेटी के पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 2 अगस्त को प्रातः11 बजे दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जाएगा,इसी के साथ प्रदर्शनी में (कविता) प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता का फाइनल राउंड,महिलाओं व बच्चों के लिए विशेष गेम्स, 3 अगस्त को फ्रेंडशिप डे विशेष,बेस्ट फ्रेंड जोड़ी प्रतियोगिता,ड्राइंग प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया जाएगा प्रदर्शनी आयोजक श्वेता बागनी,प्रियंका बागानी,मोनिका भट्टड, नेहा भट्टड़, ज्योति डागरा गायत्री डागा ने प्रदर्शनी में सभी क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है,प्रदर्शनी मेंबनारसी साड़ियाँ व रेडीमेड ब्लाउज़, सूट, कुर्तियां, प्लाजो सेट,आकर्षक गहने,मिठाइयाँ होम एसेसरीज,सजावटी व उपयोगी घरेलू वस्तुएँ आदि के स्टाल लगेंगे।

## बोरगांव में ताजने परिवार ने मोक्षधाम में किया वृक्षारोपण



**सौंसर।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत बोरगांव नागनदी मोक्षधाम को हरियाली युक्त करने में ग्राम पंचायत के साथ सहभागिता करते हुए ग्राम के ताजने परिवार द्वारा नागनदी मोक्षधाम में वृक्षारोपण किया गया।इस दौरान उधोगपति मोहन ताजने द्वारा अपने संकल्प को पूर्ण करते हुए मोक्ष धाम में भगवान शिव जी की मूर्ति के साथ-साथ मोक्ष धाम परिसर को हरियाली युक्त करते हुए पूर्ण परिसर में वृक्षारोपण किया गया। सरपंच बोरगाव पंकज दातारकर ने बताया कि ग्राम पंचायत बोरगाव मोक्षधाम में भगवान शिव जी की मूर्ति का कार्य भी अंतिम पड़ाव में है।मोक्षधाम को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने में बहुत ही सराहनीय पहल है उपस्थित सभी ने ताजने परिवार का धन्यवाद कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर केशव राव ताजने, जनपद सदस्य डॉ गमे, सरपंच पंकज श्रीपत दातरकर,पंच पुरषोत्तम काकडे, विट्ठल शेंद्रे, प्रफुल्ल देवतले, श्रीमती श्वेता पुसदेकर,श्याम कुमारी मुरारी, मामा ठाकुर, गोविन्द पुसदेकर शुभ नारायण ठाकुर आदि थे।

## पेंच टाइगर रिजर्व में संरक्षण की चुनौतियों पर मीडिया कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया ने आज पेंच में पर्यावरण और संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर सटीक और सूचित रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया।पेंच से सटे जिलों से आए पत्रकारों ने इस कार्यशाला में भाग लिया, जिसका उद्देश्य स्थानीय संरक्षण की चुनौतियों, वन्यजीव संरक्षण और तथ्यों पर आधारित पर्यावरणीय पत्रकारिता की आवश्यकता को बेहतर तरीके से समझाना था। कार्यशाला का मकसद पारिस्थितिकीय मुद्दों को कवर करने वाले मीडिया कर्मियों में जागरूकता, संवेदनशीलता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाना था।कार्यशाला में दैनिक भास्कर,हरिभूमि,नई दुनिया, पत्रिका,पीटीआई, पीपल्स समाचार,बंसल न्यूज़, हिंदुस्तान टाइम्स आदि जैसे राष्ट्रीय और स्थानीय मीडिया संस्थानों के 23 पत्रकारों के साथ-साथ वन विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र में संरक्षण प्रयासों पर एक विशेष सत्र में भाग लिया। प्रतिभागियों को मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व की मौजूदा चुनौतियों और वन विभाग तथा अन्य हितधारकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों के प्रति संवेदनशील बनाया गया। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया की टीम ने भारतभर में अपनाई जा रही संरक्षण संचार की नैतिक मानकों और सर्वोत्तम प्रथाओं को भी उजागर किया।डिप्टी डायरेक्टर पेंच श्री रजनीश सिंह ने कहा कि वन्य प्राणी विषयों में लिखने वाले पत्रकारों,डिजिटल मीडिया के प्रतिनिधियों और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरो को वन्य प्राणी संरक्षण विषयों में जागरूक करने हेतु WWF इंडिया द्वारा आयोजित कार्यशाला अत्यंत ही महत्वपूर्ण आयोजन था,श्री हरिकृष्ण दुबोलिया, दैनिक भास्कर से, ने कहा –₹बाघ और शाकाहारी वन्यजीव पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने के लिए पेड़ों और पौधों की तरह ही आवश्यक हैं।

मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं की रिपोर्टिंग करते समय यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि ऐसी कवरेज से जनता के बीच वन्यजीवों के प्रति कोई गलतफहमी या नकारात्मक धारणा न बने। इसलिए जब तक सही तथ्य सामने न आएं, तब तक केवल संदेह या अनुमान के आधार पर कोई खबर नहीं लिखी जानी चाहिए।

## गौशाला परिसर में किया जिलाध्यक्ष मोहोड़ ने किया वृक्षारोपण



**सौंसर।** ग्राम कोलीखापा में स्थित वंशी विनोद गौशाला में₹एक पेड़ मां के नाम₹कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ, आयोजन को मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ संबोधित करते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम यह सिर्फ एक अभियान नहीं बल्कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है।माँ जैसी ममता और छाया देने वाले वृक्षों को समर्पित यह पहल न केवल भावनात्मक है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।हम सभी ने अपने आसपास के परिसर में अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करना चाहिए साथ ही पेड़ों वर्षों पौधों की रक्षा सुरक्षा का संकल्प भी लेना चाहिए तभी हम पर्यावरण को सुरक्षित रख पाएंगे।

## नशामुक्ति के लिए मल्टीप्लेक्स में छात्रों को दिखाई फिल्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



वर्तमान और आने वाली पीढ़ी को नशे से दूर रखने नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान में पुलिस की अहम भूमिका नजर आ रही है । गुरुवार का परासिया पुलिस के द्वारा डी एस पी जितेंद्र सिंह के मार्ग दर्शन और थाना प्रभारी संजय भलावी के नेतृत्व में स्कूली छात्रों को पिपरिया रोड में स्तिथ मल्टीप्लेक्स में फ़ल्मि दिखाई गई ।

मध्यप्रदेश में चल रहे नशे से दूरी है जरूरी राज्य स्तरीय अभियान के अंतर्गत परासिया पुलिस द्वारा विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है । इसी क्रम में गुरुवार को परासिया पुलिस के साथ साथ विधार्थियों ने मुख्य मार्गो पर रैली निकाली । उसके बाद सिंनेमा हॉल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों पर आधारित एक फिल्म भी दिखाई गई । इस फ़ल्मि के माध्यम से छात्रों को नशे की लत से होने वाली शारीरिकश्र, मानसिक और पारिवारिक हानियों के बारे में समझाया गया । इस विशेष कार्यक्रम एसडीओपी जितेन्द्र जाट और थाना प्रभारी संजय भलावी की उपस्थिति में हुआ ।

फिल्म प्रदर्शन के बाद पुलिस टीम ने छात्रों से संवाद कर उन्हें नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई । कार्यक्रम में उपस्थित पुलिसकर्मियों ने आम नागरिकों से भी अपील की , कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार व समाज को भी इस बुराई से मुक्त करने में सहयोग करेंश्र। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति की सेहत को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि सामाजिक व पारिवारिक ताने - बाने को भी तोड़ता है । यह अभियान पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे से बचाकर एक स्वस्थ और जिम्मेदार समाज का निर्माण करना है ।

## भूमि घोटाले की नई परतें उधेड़ती सनसनीखेज कथा

# डबल मनी आरोपी की प्रतिबंधित ज़मीन की फर्ज़ी रजिस्ट्री, शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं

हरिभूमि न्यूज लांजी ।



डबलमनी के गढ़ बोलेगाँव की शांत ज़मीन अब साज़िश की ज़ुबान बन गई है। डबल मनी प्रकरण, जो सिर्फ़ बालाघाट नहीं बल्कि कई राज्यों में अपनी जड़ें पसार चुका था, अब एक और भयावह मोड़ पर पहुंच गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और राज्य प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित की गई भूमि का फर्ज़ीवाड़ा सामने आने से कानून व्यवस्था की जड़ें डगमगाने लगी हैं। वहीं जिले की अन्य तहसीलों में अवैध ओर फर्जी रजिस्ट्री पर प्रशासन लगातार कार्यवाही कर रहा है परंतु लांजी क्षेत्र में शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने से ऐसी करतूतों को बल मिल रहा है।

**रचाई गई धोखे की कड़ी पटकथा:** ग्राम बोलेगांव में, जहां डबल मनी के सूत्रधारों ने अपनी नींव रखी थी, वहीं से इस बार फर्जी दस्तावेज़ी मकड़जाल बुना गया। बोलेगांव निवासी कोमिन पति धनराज आमाडारे ने अपनी ज़मीन को ग्राम बिसोनी की भूनेश्वरी बेदरे पत्नी राजकुमार बेदरे को बेच डाला। यह वही ज़मीन थी जिस पर ईडी की रोक थी—लेकिन सत्ता और तंत्र की आँखों में धूल झोंक कर दस्तावेज़ों की बाज़ीगरी खेली गई।

**झूठ का नक्शा, धोखे की रजिस्ट्री:** इस घोटाले का प्रमुख सूत्रधार नसीमुद्दीन खान बताया जा रहा है, जिसने पूरे षड्यंत्र का सूत्रपात किया। पटवारी इंद्रपाल मड़ावी को गुमराह करते हुए उसने भूमि का गलत विवरण उपलब्ध कराया और सेवा प्रदाता चंद्रकांत किरनापुरे के माध्यम से मनमाफिक खसरा नक्शा निकलवा लिया। फिर, असली ज़मीन की जगह अन्य स्थल की तस्वीरें रजिस्ट्री दस्तावेज़ों में जोड़कर जालसाजी का घिनौना खेल खेला गया।

**कागज़ों की दुनिया में खेला गया विश्वासघात:** डबल मनी आरोपी की ज़मीन पर फर्ज़ी रजिस्ट्री कर कानून को ठेंगा दिखाया गया। यहां तक कि प्रतिबंधित ज़मीन के स्थान पर दूसरी ज़मीन की छवि रजिस्ट्री में चस्पा कर, शासन-प्रशासन को जानबूझकर भ्रमित किया गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि किस तरह से एक गवाह के इशारे पर पूरा सिस्टम छलावे का औज़ार बन गया।

**विवादास्पद भूमिकाएं और आरोपों की बौछार:** शिकायतकर्ता विजय कुमार मिश्रा का आरोप है कि इस षड्यंत्र में कोमिन आमाडारे, भूनेश्वरी बेदरे, सेवा प्रदाता चंद्रकांत किरनापुरे और गवाह नसीमुद्दीन खान ने मिलकर दस्तावेज़ों को कूट रचना के ज़रिए ईडी व राज्य सरकार के प्रतिबंधात्मक आदेशों की अवहेलना की। विशेष रूप से पटवारी इंद्रपाल मड़ावी की भूमिका को लेकर भी गंभीर संदेह उठाया गया है।

**खसरा नंबर 27/23 बना कानून की धज्जियाँ उड़ाने का औज़ार:** हल्का नंबर 19/60 लांजी स्थित खसरा नंबर 27/23, रकबा 0.024 हेक्टेयर, कुल 240 वर्गमीटर भूमि पर फर्जीवाड़ा किया गया। इस ज़मीन को प्रशासन की आँखों में धूल झोंककर रजिस्ट्री करवा दिया गया।

**सरकारी अमले का ढीला तंत्र या मिलीभगत का नंगा सच:** नक्शा जारी करने वाले पटवारी इंद्रपाल मड़ावी ने अपनी सफाई में कहा कि भूमि स्वामी कोमिन आमाडारे ने रजिस्ट्री या विक्रय की कोई जानकारी नहीं दी थी। बल्कि नक्शे की माँग लोकसेवा केंद्र में शुल्क अदायगी हेतु की गई थी। उनका दावा है कि यदि उन्हें बिक्री की सूचना दी जाती, तो वे चार-दीवारी नक्शे में विशेष रूप से उल्लेख करते।

विजय कुमार मिश्रा ने पूरे प्रकरण को लेकर एसपी बालाघाट, उप पंजीयक, थाना प्रभारी लांजी व प्रवर्तन निदेशालय से लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए इन सभी संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की माँग की है।

इस पूरी घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जब कानून का भय समाप्त हो जाता है, तो षड्यंत्रकारियों के लिए कोई भी प्रतिबंध बेमानी हो जाता है। अब देखना यह है कि शासन इस प्रशासनिक प्रहसन पर क्या अंकुश लगाता है।

### इनका कहना है



उक्त भूमि की रजिस्ट्री मामले में शिकायत प्राप्त हुई है, मेरे द्वारा तहसीलदार ओर उपपंजीयक को जांच के निर्देश दिए गए हैं, रजिस्ट्री में लगाई गई फोटो में भिन्नता पाए जाने पर थाने में एफआईआर कराकर दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

**कमलचंद सिंहसार**
**एसडीएम लांजी**

### बंजर जमीन के पुनः संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न

**वारासिवनी।** सांदीपनि शासकीय टिहलीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में वेस्टलैंड रिक्लेमेशन बंजर जमीन के पुनः संरक्षण के बारे में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सांदीपनी विद्यालय के ट्रूप नम्बर 278 के कैडेट्स ने भाग लिया। एनसीसीआकिरी अन्नू रहांगडाले ने बताया कि 6 एम पी बटालियन बालाघाट के कमांडिंग आफीसर लेफ्टिनेंट कर्नल वी के गुप्ता के दिशा निर्देशन तथा प्रभारी प्राचार्य हुमराज पटले के तत्वावधान में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक बलदेव मर्सकोले, लखन रिनायत, वरिष्ठ शिक्षिका वंदना शर्मा, दवेश्री चौधरी, आकांक्षा आस्वले आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कैडेट्स को संबोधित किया।

## वारासिवनी नगर में नकाबपोश बदमाश दे सकते हैं बड़ी घटना को अंजाम

# सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई कपड़ा व्यापारी के साथ घटित हुई घटना

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



नगर में पिछले कुछ महीनों से नकाबपोश बदमाशों ने आतंक मचाकर रखा हुआ हैं। यह नकाबपोश बदमाश व्यापारियों को अपना निशाना बनाने का प्रयास कर रहे हैं। कभी राह चलते आम नागरिकों को पीछे से मारकर वहाँ से रफूचक्कर हो जाते हैं, तो कभी उनका पीछा करते हैं।

कुछ ऐसा ही मामला नगर में फिर एक बार सामने आया हैं। जहाँ नगर के वार्ड नंबर 6 लालबर्रा रोड निवासी एक कपड़ा व्यापारी बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे अपनी बाइक से घरेलू सामान खरीदने बाजार जा रहा था। तभी कपड़ा व्यापारी को बाइक सवार हेलमेट पहने हुए एक अज्ञात युवक ने अपने आप को सीबीआई का अफसर बताते हुए पूछताछ शुरु कर दी। उसने उन्हें बाइक साइड में रोककर बोला कि आप ऊँगली में अंगूठी मत पहनो, अपने जेब में डाल लो, ऐसे लेकर मत घूमा करो। उसी समय वहाँ से एक बाइक से गुजर रहे अन्य व्यक्ति को भी उस अज्ञात बाइक सवार व्यक्ति ने रोककर कुछ पूछने की कोशिश की। तभी व्यापारी उस बाइक सवार अज्ञात व्यक्ति को चकमा देकर वहाँ से चले गए।

यह सारी घटना एक निजी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गई। व्यापारी द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई हैं, वही पुलिस भी सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से आरोपी की तलाश में जुट गई हैं।

### कुछ महीनों पूर्व भी नकाबपोश बदमाशों ने सराफा व्यापारी को लूटने का किया था प्रयास

यह नगर का पहला मामला नहीं हैं, जो नकाबपोश बदमाशो ने व्यापारियों को अपना निशाना बनाया हो। इसके पहले भी नगर के गोलीबारी चौक स्थित सराफा व्यापारी आयुष सोनी के साथ कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उनका पीछा कर उन्हें लूटने का प्रयास किया था। मगर व्यापारी की सूझबूझ के चलते यह घटना होने से बच गई थी। यह घटना भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी, मगर आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से काफी दूर हैं।

## अस्पताल में नहीं 'टिटनेस का इंजेक्शन', बाजार से खरीद कर ला रहे मरीज और परिजन

# सरकार सिर्फ बच्चों के लिए सप्लाई कर रही इंजेक्शन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।






शरीर के किसी हिस्से में कील लग जाए, कांच से कोई अंग कट जाए, जानवर के काटने से घाव हो जाए या फिर खेलते-कूदते ही सहीं चोट लग जाए. टिटनेस का इंजेक्शन लगवा लेना. आमतौर पर इस तरह की सलाह बचपन से आप सभी ने यह सुनी ही होगी. चिकित्सक भी घटना-दुर्घटना में मरीजों को सबसे पहले यही इंजेक्शन लगाते है. आज इस इंजेक्शन की बात इसलिए हो रही है क्योंकि ऐसा बताया जा रहा है कि सरकार की तरफ से यह इंजेक्शन अब अस्पतालों को पर्याप्त संख्या में मरीजों के लिए नहीं दिए जा रहे है. इंजेक्शन अब केवल बच्चों को लगाने के ही सप्लाई किया जा रहा है. मरीजों को स्वयं के पैसों से इंजेक्शन बाजार से खरीदना पड़ रहा है. ग्रामीण अंचलों में संचालित होने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में यह इंजेक्शन नहीं है शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को जिला अस्पताल ने करीब 04 माह से सप्लाई नहीं दी है. मामला बालाघाट जिले की कटंगी तहसील का है।

तहसील मुख्यालय कटंगी में स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के लिए करीब 04 माह से टिटनेस के इंजेक्शन नहीं हैं. ऐसे में मरीजों, गर्भवती महिलाओं के परिजनों को खुद ही अपने खर्च पर बाजार से इंजेक्शन खरीदकर लाकर लगवाने पड़ रहे हैं. जिला अस्पताल से अप्रैल 2025 के बाद से टिटनेस के इंजेक्शन की सप्लाई नहीं की गई है. जिसका खामियाजा यहां घटना, दुर्घटना, के बाद पहुंचने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है. मरीजों से साफ कह दिया जाता है कि इंजेक्शन नहीं है आप बाजार से लेकर आ जाओ और लगवा लो. ऐसी स्थिति में सर्वाधिक परेशानी उन गरीब मरीजों को होती है जिनका इस दुनिया में कोई नहीं है और वह किसी तरह से अपना गुजारा करते है. कटंगी अस्पताल में घटना, दुर्घटना के रोजाना तकरीबन 6 से 8 तक की संख्या में मरीज टिटनेस के इंजेक्शन लगवाने के लिए आते हैं लेकिन इंजेक्शन नहीं होने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को बाजार से इंजेक्शन खरीदकर लाकर लगवाना पड़ रहा हैं. तहसील मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जब यह हाल है तो ग्रामीण अंचलों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की क्या स्थिति होगी इसका आकलन सहज ही लगाया जा सकता है. अस्पताल के फार्मासिस्ट संतोष मंडाले ने बताया कि अप्रैल माह से इंजेक्शन नहीं मिले है जबकि हर माह जिला अस्पताल को डिमांड भेजी जा रही है. जिसकी जानकारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज दुबे को भी है. हमने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी परेश उपलव से दूरभाष पर बातचीत की. उन्होंने बताया कि शासन स्तर से केवल बच्चों के लिए ही इंजेक्शन दिए जा रहे है. हमने बीएमओ से कह रखा है कि वह अपने आदेश से इंजेक्शन क्रय करें।

### इनका कहना है-

अप्रैल 2025 से अस्पताल में टिटनेस का इंजेक्शन नहीं है. यहां से हर माह जिला अस्पताल जानकारी भेजी जा रही है।

**संतोष मंडाले फार्मासिस्ट**

शासन स्तर से केवल बच्चों के लिए ही इंजेक्शन दिए जा रहे है. हमने बीएमओ से कह रखा है कि वह जरूरत पड़ने पर अपने आदेश से इंजेक्शन क्रय करें।

**परेश उपलव,**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधि.**

## खबर संक्षेप

### जिले में 672.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**सिवनी।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 25 जुलाई 25 तक 672 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 25 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 620.2 मि.मी, कुरई में 352.0 मि.मी., बरघाट में 470.2 मि.मी., केवलारी में 861.6 मि.मी., छपारा 735.5 मि.मी, लखनादौन में 589.9 मिमी, धनौरा में 658.9 मिमी एवं घंसौर में 1089.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 5377.3 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 25 जुलाई 2024 तक कुल 5727.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

# खवासा टोल प्लाज़ा बना मौत का ज़रिया: एंबुलेंस रोकी, मरीज ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**सिवनी जिले के खवासा टोल प्लाज़ा पर घटी एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। टोल कर्मियों की कथित गुंडागर्दी और लापरवाही के चलते एंबुलेंस को जबरन आधे घंटे तक रोके रखा गया, और इसी बीच इलाज के अभाव में एक मरीज ने दम तोड़ दिया।**

मृतक के परिजनों ने रोते हुए जो आपबीती सुनाई, वह किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को अंदर से हिला दे। उनका कहना है कि जब एंबुलेंस खवासा टोल नाके पर पहुंची, तो टोल कर्मियों ने उसे रोक दिया। टोल पर मौजूद कर्मचारियों ने न सिर्फ एंबुलेंस को रोका, बल्कि उसके ड्राइवर से बदसलूकी और मारपीट भी की। इस दौरान मरीज अंदर दर्द से तड़पता रहा, लेकिन टोल नाके की बेरुखी और अमानवीयता के सामने उसकी सांसें हार गईं।

मरीज के बेटे की ये बातें आंखें नम कर देती हैं। पिताजी को सीने में तेज दर्द था।



हमने तत्काल एंबुलेंस बुलाई और सीधे अस्पताल निकल पड़े। लेकिन टोल वालों ने मानो हमारी किस्मत ही रोक दी। अगर वो नहीं रोकते, तो शायद आज पिताजी हमारे साथ होते।

सूत्रो से जानकारी अनुसार, मृतक व्यक्ति जिला कलेक्टर कार्यालय में चपरासी के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। अब उनकी असामयिक मौत ने पूरे परिवार को गहरे संकट में डाल दिया है। एकमात्र कमाने वाले सदस्य के चले जाने से पूरा परिवार बेसहारा हो गया है।

घटना के बाद परिजनों ने कुरई थाने में चार टोलकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन जनता का गुस्सा अब चरम पर है।

यह कोई पहली बार नहीं है जब टोल कर्मियों की मनमानी जानलेवा साबित हुई हो। पहले भी देशभर में कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जहां एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड जैसी सेवाओं को रोका गया और उसका खामियाजा किसी की जान देकर चुकाना पड़ा। सवाल यही है कि क्या टोल कर्मचारियों को अब भी कानून और संवेदनशीलता की समझ नहीं?

लोगों का साफ कहना है कि सिर्फ जांच से बात नहीं बनेगी, सख्त और सार्वजनिक कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई और जिंदगी इस तरह की लापरवाही का शिकार न बने। शासन और प्रशासन को अब यह तय करना होगा कि टोल प्लाज़ा सिर्फ पैसे वसूलने की मशीन न बनें, बल्कि इंसानियत और कर्तव्य की पहचान भी बनें।

# सहायक यंत्री दुर्गा कुमरे को नहीं हटाया तो सरपंच संघ आंदोलन कर न्यायालय में याचिका दायर करेगा

**सोनखार (प्रदीप तिवारी)-सिवनी जिला के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत केवलारी के अधीनस्थ आने वाली सभी ग्राम पंचायत में शासन के निर्देश अनुसार जल गंगा कार्यक्रम के अंतर्गत महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना मद से हितग्राही मूलक योजना का संचालन कर हितग्राहियों के खेतों में खेत तालाब बनाए गए हैं।**

जिनमें रोजगार सहायकों की प्रत्येक ग्राम पंचायत में अहम भूमिका है, इसी कार्यक्रम में जहां-जहां इस योजना से खेत तालाब बनाए गए हैं, उन पंचायत में रोजगार सहायक के द्वारा जिओ टेक कर ऑनलाइन मजदूरों को दिखाकर मस्टर रोल तो निकाल लिए गए, किंतु उनके तालाबों का काम मशीनों से किया गया है।

इस संबंध में हमने पंचायत के सरपंच व रोजगार सहायक से बात की तो उन्होंने बताया हमारे उच्च अधिकारियों ने मौखिक तौर पर मशीन जेसीबी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, इन निर्देशों का पालन करते हुए सभी रोजगार सहायकों ने खेत तालाब योजना से मस्टर रोल फर्जी तरीके से संधारण कर चिन्हित कर जिन मजदूरों ने हितग्राहियों ने काम ही नहीं किया जिन मजदूरों ने काम ही नहीं किया उनके बैंक खातों में मजदूरी की राशि अंतरित कर मजदूरों से पैसों की मांग कर वापस लिए जा रहे हैं।

और उस पैसे का भुगतान जेसीबी मालिकों को किया जा रहा है, इस संबंध में बताया जाता है, कि जनपद पंचायत केवलारी में पदस्थ प्रभारी सहायक यंत्री दुर्गा कुमरे जो वर्तमान मे ए ई के प्रभार में है,के द्वारा हिटलर शाही चलाते हुए कई ग्राम पंचायत को हितग्राही मूलक योजना खेत तालाब में मजदूरी मजदूरों को₹35 मजदूरी का भुगतान ग्राम पंचायत रतनपुर के मजदूरों को भुगतान किए जाने की चर्चा की गई है।

वहीं उपन्यत्री अतीक खान द्वारा कमीशन बाजी जिन सरपंचों से सचिवों से रोजगार सहायकों से नहीं हो पाई है, उन पंचायत में नियम कायदे बता कर काम पूरा हो जाने के बाद भी मूल्यांकन इतना कम मेहनत कश मजदूरों का करना मजदूरों का शोषण प्रतीत होता है।

इस संदर्भ में जब हम ग्राम पंचायत के सरपंच व सरपंच संघ केवलरी के उपाध्यक्ष महत लाल वरकड़े से बातचीत की उन्होंने बताया खेत तालाब योजना में जो मार्च अप्रैल में स्वीकृति देकर प्रारंभ किए गए थे,उन तालाबों में मटेरियल साइड का भुगतान सहायक यंत्री दुर्गा कुमरे के हिटलर शाही रवैए के चलते मजदूरों का शोषण किया जा रहा है, वही प्रतिबंध होने के बावजूद भी सहायक यंत्री दुर्गा कुमरे द्वारा बारिश में भी कुछ कामों की स्वीकृति देना समझ से परे है.

अतः जिले के संवेदनशील कलेक्टर मैडम से जनहित में अपेक्षा है, कि महात्मा गांधी गारंटी योजना से हुए खेत तालाब के कार्यों की मजदूरी भुगतान एवं मटेरियल भुगतान केवलारी जनपद में हो रही भर्राशाही का संज्ञान लेकर कार्यवाही अपेक्षित है, सरपंच संघ के उपाध्यक्ष महत लाल वरकड़े ने चेतावनी देते हुए कहा यदि सात दिवस के अंदर मटेरियल का भुगतान ,और मजदूरों को वाजिब सरकारी दर से भुगतान नहीं किया गया तो सरपंच संघ आंदोलन करेगा और माननीय न्यायालय में जाकर न्याय की गुहार महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम 2005में दिए गए अधिकारों का उल्लंघन को लेकर याचिका दाखिल करेगा।

### डुण्डासिवनी पुलिस की जुआ फड पर रेड कार्यवाही पांच जुआरी पकड़ाये

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 24.07.25 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना डुण्डासिवनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झीलपिपरिया मे जुआ फड़ चल रहा है, जिसमें काफी लोग ताश के पत्तों पर हार जीत का दांव लगा रहे हैं। सूचना तस्दीक पर थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व मे थाना डुण्डासिवनी की टीम गठित कर जुआ रेड कार्यवाही की गई जो घेराबंदी कर 05 जुआडिओ को पकडने मे सफलता प्राप्त हुई। सभी जुआडियो से कुल 2460 रुपये नगदी एवं 52 ताश के पत्ते जप्त किये गये। आरोपियो के विरुध्द अपराध क्रमांक 351/25 धारा 13 जुआ एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीबध्द कर विवेचना में लिया। नाम पकडे गये जुआरी मे 01. तामसिहं पिता विसराम धुर्वे उम्र 40 साल नि. झीलपिपरिया 02. रामसिंह पिता सोनेलाल परते उम्र 30 साल नि. झीलपिपरिया 03. दिनेश पिता तेजूलाल भलावी उम्र 30 साल नि. झीलपिपरिया 04. राम पिता किशोरी भलावी उम्र 29 साल नि. झीलपिपरिया 05. विजेन्द्र पिता इस्तुलाल उड़के उम्र 35 साल नि. झीलपिपरिया जप्तीः कुल 2460/- रुपये नकद 52 ताश के पत्ते।

# मंडी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बने नौबत सनोडिया

**सिवनी।** संयुक्त संघर्ष मोर्चा म.प्र. मण्डी बोर्ड भोपाल द्वारा मण्डी कर्मचारी संघ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। समुक्तसर्थ मोर्चा मण्डी बोर्ड भोपाल द्वारा अपने परिपत्र क्रमांक 1004 दिनांक 22.07.2025 के द्वारा जिला मण्डी बोर्ड के सर्वमान्य कर्मचारी नेता ही मण्डी कार्यालय सिवनी को प्राप्त हुआ जिसमें जिले की समस्त मण्डी के कर्मचारियों द्वारा नौबद सनोडिया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मण्डी प्रांगण में स्थापित हनुमान मंदिर पहुंचने पर नौबत सनोडिया एवं कर्मचारी कांग्रेस के जिला संरक्षक अरुण सैनी एवं मंडी सचिव उपरोक्तानुसार प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए मण्डी कर्मचारी संघ के पूर्व उपाध्यक्ष कमलेश दत्त दवे द्वारा जानकारी दी गई कि कल प्रकाश मार्को एवं समस्त कर्मचारियों द्वारा हनुमान की पूजा अर्चना की गई तदानुसार मण्डी कर्मचारियों द्वारा मण्डी कार्यालय के हॉल भुवनेश्वर गुनगे कुलदीप ठाकुर, राकेश परते नितिन मैयाम संदीप गुप्ता, अशोक भलावी श्याम सिंह ठाकर संघ में सक्रिय महिला कर्मचारी अवसर पर मण्डी सचिव प्रकाश मार्कोपर्व मण्डी कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष कमलेश दत्त दवे मण्डी सहायक उपनिरीक्षक में नौबट सनोडिया जिला अध्यक्ष एवं कर्मचारी कांग्रेस के जिला संरक्षक सैनी का स्वागत वंदन फल मालाओं से किया गया इस मति अभिलाषा मर्सकोले मति यक्ति वल्के मति सुनंदा इरपाची मति मीरा धुमकेती मति प्रीति आरिया मति हर्षिता बघेल एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे सनोडिया जिला अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि मेरी सर्वोच्य प्राथमिकता रहेगी।




जिले कि समस्त मंडियों कि आवक एवं आय में वृद्धि निराकरण सैनी द्वारा बताया गया हंतु सकारात्मक ढंग से दयित्वों का निर्वाहन करेंगे एवं जिले कि सालों मंडियों के कर्मचारी हितों कि रक्षा करना एवं उनकी सभी समस्याओं का कि नांबद सनोडिया वर्ष 1993 से होगा इस अवसर पर वरिष्ठ कर्मचारी नेता म०प्र० कर्मचारी कजिला अध्यक्ष बने म०प्र० कर्मचारी के जिला महामंत्री व तहसील अध्यक्ष रहे वर्तमान महासंघ से जुड़े हुए है इसके बाद सिवनी मन्त्री कनोडिया लबे समय से कर्मचारी संगठनों कल व्यापक अनुभव लाभदायी होगा में इस में अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा में भी सक्रिय है सनोडिया हेतु जब भी आवश्यकता होगी जिले के सभी संगठन एवं संयुक्त मोर्चा आपके साथ होगा कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन भुवनेश्वर गुनगे द्वारा किया गया कमलेश दत्त दुबे पूर्व उपाध्यक्ष कृषि उपज मण्डी समिति सिवनी नीबद सनोडिया को जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई प्रेषित करने वाले संगठनों की सूची। 01 म०प्र० कर्मचारी कांगेस के पदाधिकारी महेन्द्र पाठक अरूण सैनी, साजिद खान राजेन्द्र बघेल, सुभाष बघेल, नोएल जोसफ, एफ.एन. इक्का, राकेश नागेन्द्र, मधुसूदन साण्डिल्य, 02 अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी शिक्षक कांग्रेस के अध्यक्ष नरेन्द्र मिश्रा पूर्व अध्यक्ष कर्मचारी नेता- महेन्द्र पण्डया अध्यक्ष अजाक संघ - संतकुमार मर्सकोले प्रांत अध्यक्ष अध्यापक संघ- परमानन्द डहेरिया अध्यक्ष अध्यापक संघ- विपनेश जैन पशु चिकित्सा संघ के अध्यक्ष जे.पी. सनोडिया विजय वात्री स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रद्युमन चतुर्वेदी - सिवनी जिला सहित अन्य जिले से भी कर्मचारी नेताओं द्वारा जिला अध्यक्ष सनोडिया को उनकी नियुक्ति पर बधाईयां प्राप्त हो रही है।



# पेंच टाइगर रिजर्व में संरक्षण की चुनौतियों और जिम्मेदार पर्यावरण रिपोर्टिंग पर मीडिया कार्यशाला -डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया द्वारा आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी** डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया ने आज पेंच में पर्यावरण और संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर सटीक और सूचित रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया।

पेंच से सटे जिलों से आए पत्रकारों ने इस कार्यशाला में भाग लिया, जिसका उद्देश्य स्थानीय संरक्षण की चुनौतियों, वन्यजीव संरक्षण और तथ्यों पर आधारित पर्यावरणीय पत्रकारिता की आवश्यकता को बेहतर तरीके से समझाना था।

कार्यशाला का मकसद पारिस्थितिकीय मुद्दों को कवर करने वाले मीडिया कर्मियों में जागरूकता, संवेदनशीलता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाना था। कार्यशाला में दैनिक भास्कर, नई दुनिया, पत्रिका, पीटीआई, पीपल्स समाचार, बंसल न्यूज़, हिंदुस्तान टाइम्स आदि जैसे राष्ट्रीय और स्थानीय मीडिया संस्थानों के 23 पत्रकारों के साथ-साथ वन विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र में संरक्षण प्रयासों पर एक विशेष सत्र में भाग लिया। प्रतिभागियों को मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व की मौजूदा चुनौतियों और वन विभाग तथा अन्य हितधारकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों के प्रति संवेदनशील बनाया गया।

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया की टीम ने भारतभर में अपनाई जा रही संरक्षण संचार की नैतिक मानकों और सर्वोत्तम प्रथाओं को भी उजागर किया।

श्री हरिकृष्ण दुबोलिया, दैनिक भास्कर से ने कहा - बाघ और शाकाहारी वन्यजीव पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने के लिए पेड़ों और पौधों की तरह ही आवश्यक हैं। मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं की रिपोर्टिंग करते समय यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि ऐसी कवरेज से जनता के बीच वन्यजीवों के प्रति कोई गलतफहमी या नकारात्मक धारणा न बने। इसलिए जब तक सही तथ्य सामने न आएं, तब तक केवल संदेह या अनुमान के आधार पर कोई खबर नहीं लिखी जानी चाहिए। सुश्री नेहा सिन्हा, निदेशक संरक्षण साझेदारी, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया ने कहा हम जिस तरह से बोलते हैं, वही हमारी सोच का तरीका बन जाता है। हम अक्सर बाघों को नरभक्षी, दरिंदा, आतंक कह देते हैं, जबकि संघर्ष के कारणों और परिस्थितियों को नजरअंदाज कर देते हैं। संघर्ष की रिपोर्टिंग नफरत फैला सकती है या समझदारी भी पैदा कर सकती है। इस कार्यशाला का उद्देश्य यही है कि हम यह समझें कि संघर्ष की रिपोर्टिंग निष्पक्ष तरीके से कैसे की जा सकती है। कार्यशाला का समापन वन्यजीवों के प्रति संकल्प के साथ हुआ।

## सामुदायिक सुलभ शौचालय बना मुसीबत

# बदबू, गंदगी और अव्यवस्था से नागरिक परेशान, पंचायत और जिम्मेदार अधिकारी मौन

**घंसौर।** देशभर में स्वच्छता को लेकर चलाए जा रहे व्यापक अभियानों और सरकार की लाख घोषणाओं के बावजूद जमीनी हकीकत किसी बदबूदार मजाक से कम नहीं है। सिवनी जिले के घंसौर ग्राम पंचायत क्षेत्र में करोड़ों की लागत से बने सुलभ शौचालय आज सिर्फ शोभा की सुपारी बनकर रह गए हैं। न नियमित सफाई, न रखरखाव और न ही पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं -सारा तामझाम सिर्फ दिखावे के लिए।

हालत यह है कि यात्रियों और आम नागरिकों को इन शौचालयों के पास खड़ा होना भी दुश्वार हो गया है। बदबू और गंदगी का ऐसा अंबार फैला है कि सुलम शौचालय अब आसुलभ हो चुके हैं। न्यू बस स्टैंड परिसर में बना शौचालय बना परेशानी का कारण घंसौर ग्राम पंचायत द्वारा न्यू बस स्टैंड



परिसर में लाखों की लागत से सुलभ कंपलेक्स का निर्माण कराया गया था, जिसका उद्देश्य यात्रियों और राहगीरों को स्वच्छता सुविधा देना था। लेकिन आज यह परिसर बदबू, गंदगी और अव्यवस्था का अड्डा बन चुका है।

स्थानीय दुकानदारों और यात्रियों का कहना है कि शौचालय की दुर्गंध के कारण कोई भी उसके पास तक नहीं जाता। अनेक बार पंचायत में इसकी शिकायतें की गई, लेकिन नतीजा शून्यनिकला। सफाईकर्मी नदारद हैं और जिम्मेदारों को जैसे कोई सरोकार ही नहीं। घंसौर तहसील कार्यालय के नीचे, स्टेट बैंक के ठीक सामने स्थित एक और सुलभशौचालय की हालत भी कम बदतर नहीं है। यह स्थान नर्मदा परिक्रमा वासियों का प्रमुख मार्ग है और प्रतिदिन हजारों ग्रामीण यहां बैंकिंग, तहसील और जनपद से जुड़े कार्यों के लिए आते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी होती हैं। लेकिन यहां की बदहाली देखकर लगता है जैसे जिम्मेदारों ने जानबूझकर इस सुविधा को उपेक्षित कर रखा है। न सफाई, न पानी, न दरवाजों की स्थिति दुरुस्त है और न ही प्रकाश व्यवस्था पूरा परिसर गंदगी से बजबजा रहा है। महिलाओं को झेलनी पड़ रही भारी परेशानी पुरुष तो किसी तरह आस-पास के कोनों में जाकर शौच की आवश्यकता पूरी कर लेते हैं, लेकिन महिलाओं के लिए यह स्थिति शर्मसार करने वाली बन जाती है। मजबूरी में उन्हें भीड़ के बीच या खुले में जाना पड़ता है, जिससे उनकी गरिमा और सुरक्षा दोनों खतरे में पड़ती है।

यह हालत प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की संवेदनहीनता को उजागर करती है शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सोशल मीडिया से लेकर जनप्रतिनिधियों तक बार-बार इन मुद्दे को उठाया गया, लेकिन नतीजा वहीं डॉल के तीन पात। सरकार भले ही नर्मद परिक्रमा वासियो और ग्रामीणो के लिए आदर्श सुविधाओं की बात करती हो, लेकिन घंसौर की सच्चाई इससे कोसों दूर है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी दोनों ने आखें बंद कर रखी है।

अब सवाल यह है कि स्वछता के नाम पर जनता को सिर्फ सपना दिखाया गया या जिम्मेदार वास्तव में जानेतो? कहीं यह सब सिर्फ कागजों पर चल रही योजनाओं की हकीकत तो नहीं? अगर शासन-प्रशासन और पंचायत को वाकई जनता की चिंता है, तो अब जवाब देही तय कर सुधार के सख्त कदम उठाने होंगे।

# मातृत्व अमृत महोत्सव क हुआ शुभारंभ: एक पेड माँ के नाम पर हुये विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शिक्षा एवं संस्कार को समर्पित हे मातृत्व अमृत महोत्सव क आयोजन उक्ताशय विचार आचार्य महेंद्र मिश्र ने आज दिनांक 25 जुलाई को संस्कृति भवन सोमवारी चौक भेरोगंज सिवनी में सात दिवसीय आयोजन के शुभारंभ के अवसर पर कहा इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष मीना बिसेन ,सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ,जनपद अध्यक्ष किरण भलाबी ,किशोर वामनकर ,संतोष अग्रवाल उपाध्यक्ष शनि धाम ट्रस्ट पलारी टेकरी ,हीरा कुल्हाडे अध्यक्ष श्री हनुमान ब्यामशाला समिति पृथ्वीराज चौहान वार्ड ,सीमा चौहान अध्यक्ष मातृशक्ति संघठन ,पार्वती डहेरिया अध्यक्ष जन समस्या निवारण संस्थान,रंजीता शिववंशी अध्यक्ष जानवी जीव रक्षा समिति ,रिटायड अधीक्षक निर्मला उके ,पूर्व पार्षद गोपाल पवमें मुख्य रूप से उपस्थित थे इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल समीप शिवालय पर पूजन अर्चना कर सभी ने माँ और प्रकृति पर विचार गोष्टी पर अपना अपना संबोधन किया और सभी ने इस अवसर पर प्रकृति बचाओ अभियान क शुभारंभ कर प्रचारक पत्रक विमोचन कर एक पेड माँ के नाम पर पौधरोपण कार्य किया उलेखनीय हे कि भूतपूर्व एन.सी.सी केडेट नेअपनी माँ के 75 जन्मदिन पर विविध कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मी कश्यप ने बताया कि सात दिवसीय मातृत्व अमृत महोत्सव क आयोजन सिवनी से हुआ जो जबलपुर और भोपाल में भी आयोजित होगा और समापन भोपाल में होगा इसके तहत पच्चतर पौधे सुरक्षित रोपने और उनकी देखरेख कि जिम्मेदारी क पालन कि बात रखी।

# अन्तर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की संयुक्त बैठक आज और कल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद , राष्ट्रीय बजरंग दल महाकौशल प्रांत के राष्ट्रीय छात्र परिषद,महिला परिषद, ओजस्विनी एवं अन्य सभी आयाम के प्रांत , संभाग , एवम महानगर के सभी पदाधिकारियो महाकौशल प्रांत की प्रांत बैठक दिनांक 26 एवं 27 जुलाई 2025 दिन शनिवार एवं रविवार को नियत की गई है। उक्त बैठक की जानकारी अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष गोलू अनीश उइके ने देते हुए बताया की 6 माह में यह बैठक आहूत की गयी है, जिसमें छह माह में किए गए कार्य की समीक्षा एवम आगमी कार्यक्रमों की योजना बनाई जाएगी। जिसमें सभी आयाम के पदाधिकारी अपेक्षित है। उक्त बैठक में माननीय प्रदीप गौर संयुक्त केंद्रीय मंत्री, बेटू चंदेल इंडिया हेल्थ लाइन के राष्ट्रीय मंत्री, राष्ट्रीय किसान परिषद के राष्ट्रीय मंत्री डॉ प्रमोद राय एवं स्वराज सिंह बघेल राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रान्त कार्य कारी अध्यक्ष एवम प्रांतीय पधाधिकारियो का मार्गदर्शन पूरे समय में प्राप्त होगा बैठक स्थल - छिंदवाड़ा रोड पैराडाइज लॉन सिवनी होगा।

# केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने हरियाली अमावस्या पर केवटों से भेंट की

**छपारा-** केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने 24 जुलाई हरियाली अमावस्या के अवसर पर छपारा नगर सहित पूरे क्षेत्र के लोगों को त्योहार की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम बर्रा स्थित अपने निवास पर क्षेत्रीय केवट समाज के लोगों से भेंट की। परंपरा के अनुसार, क्षेत्रीय केवटों ने विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह को हरियाली अमावस्या पर जाल पहनाया। इस दौरान क्षेत्र में परंपरा के अनुसार घरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। हिंदू पंचांग के अनुसार, श्रावण मास में आने वाली अमावस्या को श्रावणी अमावस्या कहा जाता है, जिससे सावन महीने की शुरुआत होती है। इसलिए इसे हरियाली अमावस्या भी



कहते हैं। हरियाली अमावस्या पर दान-धर्म का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन ग्रामीण अंचलों में केवट समाज के लोग घर-घर जाकर मुख्य द्वार पर कील ठोकने और जाल पहनाने की परंपरा का निर्वहन करते हैं। मान्यता है कि यह भगवान राम द्वारा केवटों को दिए गए विशेष आशीर्वाद का प्रतीक है, जिससे वे अपने परिचितों को रोग से दूर कर सकते हैं। विधायक ने केवट समाज के लोगों से मुलाकात कर उनकी परंपरा का सम्मान किया और त्योहार की शुभकामनाएं स्वीकार कीं। इस दौरान कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## घंटों इंतजार के बाद भी नहीं मिल रही खाद

# किसानों ने कृषि विभाग के उप संचालक को सौंपा ज्ञापन

**सिवनी जिले में बारिश के बाद यूरिया-डीएपी की मांग बढ़ गई है। राज्य विपणन संघ के डबल लॉक केंद्रों और सेवा सहकारी समितियों में किसानों को खाद नहीं मिल रही है। डुंडा सिवनी, छिड़िया और पलारी वेयर हाउस में किसान खाली हाथ लौट रहे हैं। जिले के 4.53 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में 80 प्रतिशत बुआई पूरी हो चुकी है।**

**धान की रोपाई चल रही है। लगातार बारिश से मक्का की फसल को नुकसान की आशंका है।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

किसान संतोष बघेल, राजू बघेल, शेख शमीम, कुबेरचंद साहू और जीवन लाल पटेल ने बताया कि सरकारी मंडियों में यूरिया की कमी है। निजी दुकानों में 270 रुपए का यूरिया 500 रुपए में बिक रहा है। किसानों ने चेतावनी दी है कि खाद की व्यवस्था नहीं होने पर आंदोलन करेंगे। कृषि विभाग के उप संचालक एस. के. धुर्वे ने कहा कि रेल रैक से यूरिया की आपूर्ति शुरू हो गई है। डबल लॉक केंद्रों और समितियों में खाद पहुंचाया जा रहा है। जल्द ही और रैक आने की उम्मीद है।

## आजाद समाज पार्टी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

# चांगोटोला पुलिस पर शारीरिक, मानसिक प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

चांगोटोला पुलिस पर चार युवकों ने मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए बताया कि विगत अप्रैल माह से पुलिस के द्वारा अनावश्यक रूप से थाने में बुलाकर प्रताड़ित किया जा रहा है । दरअसल मामला चोरी के शक का है जिसको लेकर पुलिस विवेचना के लिए चारों युवकों को पुलिस थाने में बुलाती है ।और युवकों का आरोप है कि पुलिस के द्वारा थाने के अंदर ले जाकर वेदम पिटाई की जाती है । विगत अप्रैल माह के बाद से पुलिस के द्वारा थाने में बुलाकर मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया जा रहा है । जिसको लेकर बालाघाट मुख्यालय पहुंचकर पीड़ित युवको के द्वारा आजाद समाज पार्टी से मदद लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय को ज्ञापन दिया गया और ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि अगर चोरी के मामले में चारों युवक किसी भी प्रकार से लिप्त है तो बेशक पुलिस प्रशासन प्रकरण बनाकर मामला पंजीबद्ध करें परंतु अनावश्यक रूप से परेशान करके पुलिस की छवि को धूमिल न करे ।

### क्या पुलिस बेकसूरों को फसाने का कर रही षड्यंत्र

चोरी का मामला अप्रैल माह की लगभग 12 तारीख रात की है ।दूसरे दिन पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए थाने में बुलाया गया वहां पुलिस के द्वारा युवकों से मारपीट करने का भी आरोप लग रहे हैं । चोरी संबंधित जांच के लिए पुलिस के द्वारा शक के दायरे में चारों युवकों की बेरहमी से पिटाई की गई और चोरी किया का जुर्म स्वीकार करने के लिए दबाव बनाकर मारपीट किया गया जबकि युवकों का कहना है कि अप्रैल माह के बाद से विवेचना के बाद भी अब तक पुलिस सबूत इकट्ठा नहीं कर पाई है । क्योंकि हम लोग चोरी के मामले में लिप्त थे ही नहीं मामले के बाद से तीन-चार बार पुलिस थाने में बुलाकर



जानबूझकर प्रताड़ित कर रही हैं ।

पीड़ितों ने जिला मुख्यालय पहुंच कर पुलिस अधीक्षक महोदय को ज्ञापन में निष्पक्ष जांच तथा आने वाले समय में झूठे प्रकरण में ना फसाया जाए जिसको लेकर ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया गया । ज्ञापन देते समय भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष संदीप बौद्ध,प्रदेश महासचिव आकाश बौद्ध,भीम आर्मी नगर अध्यक्ष संतोष गेडाम, पूर्व तहसील अध्यक्ष अनुभव ऊके सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

### इनका कहना है

गांव में चोरी हुई थी जिसको लेकर पुलिस के द्वारा बार-बार परेशान किया जा रहा है कहा जा रहा है कि तुम कबूल करो कि चोरी तुमने ही की है ।चोरी की रात 11 बजे तक हम ढाबे में थे ।उसके बाद हम घर चले गए ।

**मुख्तार शाह**

ग्राम में चोरी हुई थी जिसको लेकर शक में पुलिस हमको बार-बार परेशान कर रही है । जिसके घर चोरी हुई है उनके परिजनों द्वारा मुझे प्रलोभन दिया जाता है । कि बाकी युवकों का नाम लेकर तू उस मामले से निकल जा ।मुझे परेशान किया जा रहा है । मुझे पुलिस द्वारा स्कूल से उठा लिया जाता है जिस कारण मेरी पढ़ाई नहीं हो पा रही है।

**संस्कार नागेश्वर**

चोरी मामले में संदिग्ध व्यक्तियों से पुछताछ के लिए थाने में बुलाया गया था। हमारे द्वारा किसी प्रकार की मारपीट या प्रताड़ना नही की गई हैं।

**शशांक राणा**
**थाना प्रभारी चांगोटोला**

# आज से 5 अगस्त तक नेशनल फुटबाल चैंपियनशीप का आयोजन

## प्रभारी मंत्री करेंगे प्रतियोगिता का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला फुटबाल एसोसिएशन बालाघाट द्वारा आगामी 26 जुलाई से 05 अगस्त 2025 तक बालाघाट में जुनियर ब्वायज नेशनल फुटबाल चैंपियनशीप बीसी राय ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देश के 16 राज्यों की टीम शामिल होने जा रही है। मप्र शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह 26 जुलाई को दोपहर 01:30 बजे मुलना स्टेडियम ग्राउंड में इस प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे।

इस प्रतियोगिता की आयोजन समिति के अध्यक्ष रमेश रंगलानी, अभय सेठिया, श्रीमती लता एलकर, महेंद्र सुराना, संयोजक तपेश असाटी, सचिव सुनील यादव, गणेश अग्रवाल, आशीष मिश्रा, गोपाल आडवाणी ने इस आयोजन को लेकर पत्रकारवार्ता की है और विस्तृत जानकारी दी है। जिसमें बताया गया कि जुनियर ब्वायज नेशनल फुटबाल चैंपियनशीप बीसी राय ट्रॉफी 2025-26 के मैच मुलना स्टेडियम, रेंजर कॉलेज ग्राउंड, पुलिस लाईन मैदान एवं ग्राम निलजी के मैदान में आयोजित होंगे। टीमों की प्रेक्टिस के लिए सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल मैदान, उत्कृष्ट विद्यालय मैदान को चिन्हित किया गया है। 26 जुलाई से 05 अगस्त 2025 तक आयोजित होने वाली 16 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों की इस राष्ट्रीय स्तर की फुटबाल प्रतियोगिता में हरियाणा, आसाम, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, बिहार, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, त्रिपुरा, उत्तरप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, अण्डमान निकोबार, आंध्रप्रदेश, पाण्डिचेरी, मध्यप्रदेश एवं गुजरात की टीम आ रही है।

ग्रुप-ए के अंतर्गत रेंजर कॉलेज ग्राउंड में 26 जुलाई को प्रातः 09 बजे त्रिपुरा व उत्तरप्रदेश तथा दोपहर 03 बजे से अण्डमान निकोबार व हिमाचल प्रदेश का मैच खेला जाएगा। 28 जुलाई को प्रातः 09 बजे से उत्तरप्रदेश व अण्डमान निकोबार तथा दोपहर 03 बजे से हिमाचल प्रदेश व त्रिपुरा का मैच खेला जाएगा। 30 जुलाई को प्रातः 09 बजे से त्रिपुरा व अण्डमान निकोबार तथा दोपहर 03 बजे से हिमाचल प्रदेश व उत्तरप्रदेश का मैच खेला जाएगा।

ग्रुप-बी के अंतर्गत रेंजर कॉलेज ग्राउंड में 27 जुलाई को प्रातः 09 बजे हरियाणा व जम्मू कश्मीर तथा दोपहर 03 बजे से आसाम व राजस्थान का मैच खेला जाएगा। 29 जुलाई को प्रातः 09 बजे से जम्मू कश्मीर व आसाम तथा दोपहर 03 बजे से राजस्थान व हरियाणा का मैच खेला जाएगा। 31 जुलाई को प्रातः 09 बजे से हरियाणा व आसाम तथा दोपहर 03 बजे से राजस्थान व जम्मू कश्मीर का मैच खेला जाएगा।

ग्रुप-सी के अंतर्गत 26 जुलाई को प्रातः 09 बजे आंध्रप्रदेश व पाण्डिचेरी का मैच पुलिस लाईन ग्राउंड तथा दोपहर 03 बजे से गुजरात व मध्यप्रदेश का मैच मुलना स्टेडियम ग्राउंड में खेला जाएगा। 28 जुलाई को प्रातः 09 बजे से पाण्डिचेरी व गुजरात का मैच पुलिस लाईन ग्राउंड तथा दोपहर 03 बजे से मध्यप्रदेश व आंध्रप्रदेश का मैच मुलना स्टेडियम ग्राउंड पर खेला जाएगा। 30 जुलाई को प्रातः 09 बजे से आंध्रप्रदेश व गुजरात का मैच पुलिस लाईन ग्राउंड तथा दोपहर 03 बजे से मध्यप्रदेश व पाण्डिचेरी का मैच मुलना स्टेडियम ग्राउंड में खेला जाएगा।

ग्रुप-डी के अंतर्गत 27 जुलाई को प्रातः 09 बजे से बिहार व सिक्किम का मैच पुलिस लाईन ग्राउंड तथा दोपहर 03 बजे से अरूणाचल प्रदेश व उत्तराखंड का मैच निलजी के ग्राउंड पर खेला जाएगा। 29 जुलाई को पुलिस लाईन ग्राउंड पर प्रातः 09 बजे से सिक्किम व अरूणाचल प्रदेश तथा दोपहर 03 बजे से उत्तराखंड व बिहार का मैच खेला जाएगा। 31 जुलाई को प्रातः 09 बजे से बिहार व अरूणाचल प्रदेश का मैच पुलिस लाईन ग्राउंड तथा दोपहर 03 बजे से उत्तराखंड व सिक्किम का मैच निलजी के ग्राउंड पर खेला जाएगा।

# कार-बस की आमने-सामने की टक्कर में 2 घायल



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में शुक्रवार को लालबर्रा-सिवनी हाईवे पर नेवरगांव के पोंडी गांव में बस और कार के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार मां-बेटे घायल हो गए। पिपरिया आष्ट निवासी 35 वर्षीय दुष्यंत बिसेन, 62 वर्षीय मां सुषमा बिसेन के साथ गोंदिया में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

घायलों को पहले लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि, परिजन उन्हें जिला अस्पताल न ले जाकर किसी निजी अस्पताल ले गए। वहीं बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटें आईं। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहनों के सड़क पर खड़े होने से हाईवे पर घंटों तक यातायात बाधित रहा। वाहनों को सड़क किनारे हटाने के बाद ही आवागमन शुरू हो सका।

जानकारी के मुताबिक, बालाघाट से सिवनी की ओर जा रही सूत्र सेवा बस (एमपी 28 पी 0722) की गति काफी तेज थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार (एमपी 04 सीएल 4414) का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने मां-बेटे को किसी तरह कार से निकालकर अस्पताल भिजवाया। लालबर्रा पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## नहीं हो सका भरवेली पंचायत के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

# उपसरपंच ने लगया आरोप : दो पंचों को किया अगवा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के मॉयल क्षेत्र की भरवेली पंचायत में सरपंच गीता अनिल बिसेन के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव दो मतों से गिर गया। शुक्रवार को पीठासीन अधिकारी तहसीलदार भूपेन्द्र अहिरवार की मौजूदगी में गुप्त मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई।

20 पंचों वाली पंचायत में उपसरपंच सहित 13 पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। हालांकि पंचायतीराज अधिनियम के तहत दो-तिहाई बहुमत के लिए आवश्यक संख्या से दो मत कम होने के कारण प्रस्ताव पारित नहीं हो सका।

**सरपंच पर कामों पर ध्यान न देने का आरोप:** उपसरपंच राजेश बाहेश्वर और अन्य पंच सरपंच पर पंचायत प्रतिनिधियों की अवहेलना और वार्डों के कामों पर ध्यान न देने का आरोप लगा रहे थे। इसी कारण 11 जुलाई को पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल के नवीन पंचायत भवन के लोकार्पण के दौरान वे ज्ञापन देने वाले थे। लेकिन इससे पहले ही भरवेली पुलिस ने उपसरपंच सहित विरोधी पंचों को हिरासत में ले लिया था।

**सरपंच गीता अनिल बिसेन ने इसे जनता की जीत बताया:** पीठासीन अधिकारी तहसीलदार भूपेन्द्र अहिरवार ने कहा कि पंचायतीराज अधिनियम के अनुसार बहुमत कम होने के कारण प्रस्ताव गिर गया है। सरपंच गीता अनिल बिसेन ने इसे जनता की जीत बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक महिला को हटाने का प्रयास किया जा रहा था और पटेल भाइयों ने पंचों को गुमराह किया है।

**उपसरपंच ने कहा- संख्या बल में हम जीते हैं:** दूसरी ओर, उपसरपंच राजेश बाहेश्वर ने कहा कि भले ही अविश्वास प्रस्ताव पारित नहीं हुआ, लेकिन संख्याबल पर वे जीते हैं। उन्होंने सरपंच को चुनौती दी कि वह अपना बहुमत साबित करें। उपसरपंच ने यह भी कहा कि उनका उद्देश्य सरपंच को हटाना नहीं है, बल्कि सरपंचों के अधिकारों के हनन के खिलाफ आवाज उठाना है।

## मुंडघुसरी में कोदो एवं रागी प्रदर्शन फसल का किया गया निरीक्षण



**मलाजखंड।** कृषि विभाग द्वारा बिरसा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम मुंडघुसरी के कृषक पूर्व सरपंच रुपसिंह सैयाम एवं विवेक वैध के खेत में कोदो एवं रागी फसल का प्रदर्शन बीज लगाया गया है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने 24 जुलाई को इस प्रदर्शन फसल का निरीक्षण कर किसानों को सलाह दी और उर्वरक व कीटनाशक दवाओं के उपयोग की जानकारी दी। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने ग्राम बिठली के कृषक बलवंत हरिनखड़े द्वारा धान रोपाई की मशीन द्वारा लगाए धान का निरीक्षण कर तकनीकी जानकारी दी।

# दि बुद्धिस्ट सोसा.ऑफ इंडिया जिला शाखा शहडोल का पुनर्गठन एवं चिंतन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर 27 जुलाई कोभारतीय बौद्धों की सर्वोच्च धार्मिक एवं सामाजिक धम्मसंस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया मप्र राज्य शाखा द्वारा जिन जिला शाखाओं कार्यकाल समाप्त हुआ उनका पुनर्गठन एवं नवीन जिला शाखाओं का गठन कर शिविरो का आयोजन किया जा रहा है,ताकि अपने उद्देश्यों की पूर्ति की जा सके, इसी क्रम में जिला शाखा शहडोल मप्र का कार्यकाल समाप्ति पश्चात दिनांक 27 जुलाई 2025 को स्थानीय गौतम बुद्ध विहार रेलवे कालोनी शहडोल मुख्यालय में किया गया है,पुनर्गठन के पश्चात कार्यकर्ता/चिंतन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया हैं,इस आयोजन के मुख्य अतिथी एवं प्रशिक्षक आद.बी.एच.गायकवाड गुरुजी राष्ट्रीय सचिव एवं मप्र राज्य शाखा के पालक मंत्री मुम्बई,अध्यक्षता मप्र राज्य शाखा द



के अध्यक्ष एवं SSD के मप्र GOC डॉ.चरनदास ढेंगरे जी बालाघाट करेंगे,प्रमुख अतिथि के रूप में आद.गौतम पाटिल सर राष्ट्रीय संगठक भोपाल,राजकपूर कामडे प्रदेश कार्य.सचिव मप्र,अशोक कुमार मेश्राम जिला सचिव बालाघाट होंगे।समारोह के संयोजक आद.प्रभाकर लोखंडे जिला महासचिव शहडोल होंगे ,समारोह में जिला कार्यकारिणी शहडोल के आनंद मेश्राम,राकेश गजभिए,आनंद कुमार गजभिए,अनूप सोनटके आदि साथियों द्वारा उपस्थिति की अपील की गई।

# विकसित भारत के तहत बंजर भूमि पुनर्ग्रहण, हरितिकरण बंजर भूमि की बहाली के लिए एनसीसी क्रेडिट की संगोष्ठी का हुआ कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के एनसीसी के बच्चों को बंजरभूमि पुनर्ग्रहण या सुधार (वेस्टलैंड रिक्लेमेशन) के बारे में व्याख्यान किया जिसमें उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के ग्रूप न०241 के 60 कैडेट्स ने भाग लिया। एमपी बटालियन बालाघाट के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल वी. के.गुप्ता के निर्देशानुसार इस व्याख्यान का आयोजन किया गया था। उस व्याख्यान के दौरानश्री डा.जे के.कुटारिया विकासखंड तकनीकी प्रबंधक कीटनापुर के द्वारा तथा सीसी क्रेडिट से संगोष्ठी में सुझाव पूछा गया और संक्षिप्त में सारांश प्रस्तुत किया गया निश्चित भारत की तरफ एक प्रेरणादायक कदम उठाया गया ।

उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डी. आर. पटटावी ,सुश्री के. जागडे, सुश्री खान एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित थे, इस व्याख्यान का उद्देश्य बंजर भूमि के संरक्षण और पुनरुदाब के उपायों के प्रति जागरुक करना था।कार्यक्रम के मुख्य मुख्य वक्ता B.E.O किरनापुर श्री जी पी. सोनी ने बजर भूमि की पहचान, कारण और उसे पुनः उपजाऊ बनाने के उपायों पर विस्तृत जानकरी दी गई।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति रही और उन्होने भी विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारीया साझा की। साथ ही NCC कैडेस को विशेष रूप से इस विषय पर शिक्षित किया गया और उनके बीच पर्यावणीय दायित्व की भावना विकसित करने का



प्रयास किया गया और अंततः पौधा रोपण कि कार्य किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन NCC प्रभारी CTO श्रीमती वर्षा चौरागड़े ने किया।

# मेंडक़ी स्कूल में किया गया पौधारोपण

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश जबलपुर संभाग के अंतर्गत बालाघाट जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी उपाध्याय एवं डीओसी इनेंद्र डहरवाल के निर्देशन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंडक़ी में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। इस कार्य को करने के लिए एवं पेड़ को गोद लेने के लिए जनप्रतिनिधि, सरपंच सावित्री कुंजाम द्वारा प्रोत्साहित किया गया। गाइड कैप्टन उमा मार्को द्वारा पर्यावरण को कैसे बचाया जा सकता है? समझाया गया एवं एक गीत के माध्यम से गाकर सुनाया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रभारी प्राचार्य उमेश गौतम द्वारा पेड़ सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड लगवाए गए।



# पू.भंते कुसलचित्त ने की पंचशील विहार की सुसज्जा और मूर्ति के लिए दान की अपील

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला मुख्यालय बालाघाट स्थित पंचशील बुद्ध विहार समता भवन बूढ़ी बालाघाट में वर्षावासरत पू.भंते कुसलचित्त ने आज 24 जुलाई 2025 अमावस्या उपोसथ कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित उपासकों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचशील बुद्ध विहार बूढ़ी की समिति रमाताई महिला बौद्ध संघ बालाघाट द्वारा विहार मे भगवान बुद्ध की 6.5 फिट ऊंची अष्टधातु की प्रतिमा लगाने एवं बुद्ध विहार की सुसज्जा का निर्णय लिया गया है। समिति द्वारा उन्हें उपरोक्त निर्णय से अवगत कराया गया जिसमे सीसीटीव्ही कैमरा लगाने, अशोक स्तम्भ स्थापित करने, विहार की दीवार पर पंचवर्गीय भिक्खु पेंटिंग बनवाने, भिक्षु निवास में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार समेत अनेक कार्य शामिल है। वर्षावास समापन के अवसर पर संघदान, भोजनदान कार्यक्रम का भी



आयोजन किया जाना है। समिति द्वारा कम से कम 2 हजार की दान राशि के सहयोग का निर्णय लिया गया है। पू.भंते जी ने संबोधित करते हुए कहा कि उपरोक्त कार्य आवश्यक हैं। आप सभी को मुक्त हस्त राशि दान करनी चाहिए। निर्धारित राशि से भी अधिक दान कर अपनी दान पारमिता पुष्ठ करें। पंचशील बुद्ध विहार बूढ़ी बालाघाट का सबसे पुराना विहार है। बौद्ध समाज की सभी गतिविधियों का संचालन यहां से किया जाता है। यह विहार संपूर्ण जिले के बौद्ध समाज के लिए आस्था एवं समुदायिकता का केंद्र है। समाज के जिला स्तरीय कार्यक्रम यहीं से संचालित होते हैं। दूर-दूर से वर्ष भर विहार मे पूज्य भिक्खू एवं भिक्खुनी संघ का आगमन होता है। जिस वजह से संघ के दर्शन एवं धम्मदेसना का अवसर जिले वासियों को प्राप्त होता है। महिला संघ के पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिमा के लिए नागपुर मे ऑर्डर कर दिया गया है। वर्षावास काल में प्रतिमा प्राप्त हो जाएगी एवं भव्य समारोह पूर्वक प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। महिला संघ पदाधिकारियो ने उपसको से इस पुनीत कार्य के लिए हस्त मुक्त दान देकर सहभागी होने की अपील की है। बुद्ध प्रतिमा भगवान बुद्ध के जीवन, शिक्षाओं और निर्वाण का प्रतिनिधित्व करती हैं।

## जिले को प्राप्त उर्वरक जिले के ही फुटकर विक्रेताओं को सप्लाई करें

# निर्धारित दर पर ही किसानों को खाद उपलब्ध कराने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में बालाघाट जिला प्रशासन तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। कलेक्टर द्वारा जिले में उर्वरक की आपूर्ति, भंडारण एवं वितरण की नियमित समीक्षा की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने जिले के थोक एवं होलसेल डीलरों को निर्देशित किया है कि बालाघाट जिले के ही फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरक प्रदाय करें।

उप संचालक श्री मालवीय ने जिले के उर्वरक विक्रेताओं को अनावश्यक रूप से खाद का भंडारण नहीं करने की हिदायत दी है और साफ शब्दों में कहा है कि पीओएस मशीन में प्रदर्शित स्टॉक और भौतिक स्टॉक के सत्यापन में भिन्नता नहीं होनी चाहिये। किसानों को पीओएस मशीन से बायोमेट्रिक आधार पर ही उर्वरक उपलब्ध कराने कहा गया है। उर्वरकों के साथ किसी अन्य कृषि आदान की टैगिंग नहीं करने के निर्देश देते हुये उर्वरक विक्रेताओं से कहा गया है कि वे नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के इस्तेमाल से होने वाले फायदों को किसानों के बीच जरूर प्रसारित करें, लेकिन उर्वरक के साथ इनकी भी टैगिंग न की जाये। उन्होंने किसानों को निर्धारित दर पर ही उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुये कहा है कि निर्धारित दर से अधिक पर उर्वरक बेचे जाने की शिकायतों पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

उप संचालक श्री मालवीय ने होलसेल डीलरों को निर्देशित किया है कि उन्हें प्राप्त उर्वरकों की सप्लाई जिले के ही फुटकर विक्रेताओं को की जाये। जिले के बाहर के फुटकर विक्रेताओं को उर्वरक प्रदाय किये जाने की स्थिति में संबंधित थोक विक्रेताओं के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। थोक विक्रेताओं को विशेष ध्यान रखना होगा कि जिस भी रिटेलर को वे उर्वरक प्रदाय कर रहे हैं, उस रिटेलर के पास थोक विक्रेता का ओ फार्म अनिवार्य रूप से लायसेंस में जुड़ा हो। उर्वरकविक्रेता इस बात का ध्यान रखें कि नकली या अमानक उर्वरक का विक्रय न हो। यदि ऐसा कहीं पाया जाता है तो तत्काल इसकी सूचना कृषि अधिकारियों को दी जाये, जिससे दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही की जा सकेगी।

## अपर कलेक्टर ने किया राजस्व अभिलेख रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले के सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि राजस्व अभिलेख रिकॉर्ड के डिजिटाईजेशन का कार्य 01 अगस्त 2025 से प्रारंभ कर 02 माह के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण करे। इसके अंतर्गत पांच साला खसरा, खसरा उपलब्ध नही होने पर उन वर्षो की बी-01, नामांतरण पंजी, अधिकारी अभिलेख, री-नम्बरिंग सूची एवं विस्तार पत्रक, की स्कैनिंग कर डिजिटाईजेशन करना है।इसी सिलसिले में अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे ने 25 जुलाई को कलेक्ट्रेट कार्यालय के राजस्व अभिलेख रिंकार्ड रूम का निरीक्षण किया।

## आज झांगुल एवं गुदमा के सरपंच के मतों की गणना

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के उप चुनाव के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 22 जुलाई को परसवाड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत झांगुल एवं गुदमा में सरपंच के निर्वाचन के लिए दोपहर 03 बजे तक मतदान कराया गया है। मतदाताओं द्वारा डाले गए मतों की गणना 26 जुलाई को विकासखंड मुख्यालय परसवाड़ा में प्रातः 08 बजे से की जायेगी। मतगणना के पश्चात सरपंच प्रत्याशियों को प्राप्त मतों की जानकारी दी जाएगी। झांगुल एवं गुदमा पंचायत में सरपंच पद के लिए 02-02 प्रत्याशी चुनाव मैदान मे है। सरपंच के निर्वाचन के लिए ईव्हीएम से मतदान कराया गया है।

